सार्वजनिक सूचना - सिट्रस चेक इन्स लिमिटेड और रॉयल ट्विंकल स्टार क्लब प्रा. लि. के मामले में पैसा लौटाए जाने (रिफंड किए जाने) के संबंध में - (दूसरा चरण)

दावे (क्लेम) प्रस्तुत करने हेतु आखिरी बार और समय दिया जा रहा है

जैसा कि निवेशक जानते हैं कि समिति ने 29 जुलाई, 2026 को सार्वजनिक सूचना [सार्वजनिक सूचना - सिट्रस चेक इन्स लिमिटेड और रॉयल ट्विंकल स्टार क्लब प्रा. लि. के मामले में पैसा लौटाए जाने (रिफंड किए जाने) के संबंध में - (दूसरा चरण)] जारी करके रिफंड हेतु दूसरे चरण की प्रक्रिया के तहत रिफंड पोर्टल 1 अगस्त 2026 से ऑनलाइन शुरू कर दिया था और तदनुसार दावे (क्लेम) प्रस्तुत करने के लिए 45 दिनों का समय दिया गया था । इस प्रकार यह रिफंड पोर्टल पहले 14 सितम्बर, 2026 को बंद होना था । उसके बाद, समिति ने रिफंड पोर्टल पर दावे प्रस्तुत करने के लिए 30 दिनों का और समय (यानि कि 14 अक्तूबर, 2026 तक का समय) प्रदान किया था । उसके बाद, जिन पात्र निवेशकों ने अपने दावे प्रस्तुत नहीं किए, उन्हें भी अपने दावे प्रस्तुत करने का एक और अवसर प्रदान करने की जरूरत को समझते हुए, समिति ने रिफंड पोर्टल पर दावे प्रस्तुत करने के लिए 30 दिनों का और समय (यानि कि 13 नवम्बर, 2026 तक का समय) प्रदान कर दिया (https://www.sebi.gov.in/hindi/media-and-notifications/public-notices/oct-2026/public-notice-in-the-matter-of-citrus-check-inns-limited-and-royal-twinkle-star-club-pvt-ltd-for-refund-phase-ii-_105204.html) ।

समिति ने अब दावे प्रस्तुत करने के लिए आखिरी बार 30 दिनों का और समय (यानि कि 13 दिसम्बर, 2026 तक का समय) प्रदान करने की मंजूरी दे दी है, ताकि जिन पात्र निवेशकों ने अब तक अपने दावे प्रस्तुत नहीं किए हैं, उन्हें भी अपने दावे प्रस्तुत करने का एक अवसर प्रदान किया जा सके ।

तदनुसार, दूसरे चरण हेतु रिफंड पोर्टल (**https://www.citrusroyalrefund.com**) पर दावे अब 13 दिसम्बर, 2026 तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे ।

निवेशक इस बात का ध्यान रखें कि 13 दिसम्बर, 2026 के बाद रिफंड पोर्टल पर दावे प्रस्तुत करने के लिए और समय प्रदान नहीं किया जाएगा ।

जिन पात्र निवेशकों ने अब तक अपने दावे प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अपने दावे रिफंड पोर्टल पर इस प्रकार बढ़ाई जा रही समय-सीमा के भीतर अवश्य प्रस्तुत कर दें ।

ए.पी. कुरहेकर

तारीख : 12.11.2026
(सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश)

स्थान : मुंबई
अध्यक्ष, ए.पी. कुरहेकर समिति

PUBLIC NOTICE IN THE MATTER OF
CITRUC CHECK INNS LIMITED AND ROYAL TWINKLE STAR CLUB PVT. LTD.
REFUND – PHASE II
FINAL EXTENSION OF CLAIM SUBMISSION WINDOW

As investors are aware that the Committee vide Public Notice dated July 29, 2026 SEBI | PUBLIC NOTICE IN THE MATTER OF CITRUS CHECK INNS LIMITED AND ROYAL TWINKLE STAR CLUB PVT. LTD FOR REFUND (PHASE-II). had opened the online refund portal for Phase II refund from 1 August 2026 for a period of 45 days, with the original claim submission window scheduled to close on 14th September 2026. Subsequently, the Committee extended the claim submission window by a further period of 30 days, i.e. up to and including 14th October 2026. Thereafter, considering the need to provide an additional opportunity to eligible investors who had not submitted their claim, the Committee granted further extension of claim submission window by 30 days i.e. up to and including 13th November, 2026 (https://www.sebi.gov.in/media-and-notifications/public-notices/oct-2026/public-notice-in-the-matter-of-citrus-check-inns-limited-and-royal-twinkle-star-club-pvt-ltd-for-refund-phase-ii-_105204.html)

The Committee has now decided to grant a final extension of 30 days to the claim submission window i.e. up to and including 13th December, 2026, to provide an opportunity to eligible investors who have not yet submitted their claim.

Accordingly, the Phase-II refund portal shall remain open under the domain name https://www.citrusroyalrefund.com for submission of claims up to and including 13th December 2026.

It is hereby informed that no further extension of the claim submission window shall be granted beyond 13th December 2026.

Eligible Investors who have not yet submitted their claims are, therefore, advised to submit their claims on the portal within the extended period.

Date: November 12, 2026
Place: Mumbai

A.P. Kurhekar
(Retd. District Judge)
Chairperson, A.P. Kurhekar Committee